आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 10.11.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विशेष अभियान के चौथे संस्करण की सराहना की।
- हरिद्वार जिले में क्रिकेट स्टेडियम बनकर तैयार हुआ, जल्द होगा उद्घाटन।
- चंपावत जिला अस्पताल में कल से ऑनलाइन डिजिटल पेमेंट की होगी शुरूआत।
- ड्रग्स फ्री देवभूमि के तहत टिहरी पुलिस ने अवैध रूप से चरस तस्करी करते हुए 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- प्रदेश में लोक पर्व इगास– बग्वाल 12 नवंबर को मनाई जाएगी।

विशेष अभियान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज विशेष अभियान के चौथे संस्करण की सराहना की। विशेष अभियान के फलस्वरूप सरकारी खजाने को वर्ष 2021 के बाद से कचरा बेचने से दो हजार 364 करोड़ रूपए के राजस्व समेत महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त हुई है।

श्री मोदी ने एक पोस्ट में कहा कि अभियान की सफलता दर्शाती है कि सामूहिक प्रयासों से ठोस परिणाम हासिल किए जा सकते हैं और स्वच्छता तथा आर्थिक लाभ को प्रोत्साहन दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कुशल प्रबंधन और सक्रिय प्रयासों के अच्छे परिणाम प्राप्त हुए हैं।

अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम

हरिद्वार जिले में अंतरराष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम लगभग बनकर तैयार हो गया है। स्टेडियम के बनने से हरिद्वार और आसपास के जिलों में रहने वाले खिलाड़ियों को फायदा मिलेगा। हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अंशुल कुमार सिंह ने बताया कि इस स्टेडियम में राष्ट्रीय स्तर की क्रिकेट प्रतियोगिताएं आयोजित की जा सकेंगी। साथ ही डे और नाइट क्रिकेट मैच की सुविधा भी उपलब्ध है, जिसके लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के मानकों के अनुसार फ्लड लाइटें लगाई गई हैं। उन्होंने बताया कि अब हरिद्वार के प्रतिभावान क्रिकेट खिलाड़ियों को कोचिंग के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा, उन्हें हरिद्वार में ही अंतरराष्ट्रीय स्तर की कोचिंग मिलेगी, जिससे हरिद्वार के खिलाड़ी भी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे।

डिजिटल पमेंट

चंपावत जिला अस्पताल में मरीज और उनके तीमारदार अब ऑनलाइन डिजिटल पेमेंट के जरिए अपने बिल का भुगतान कर सकेंगे। यह पहला मौका है जब किसी सरकारी अस्पताल में चिकित्सा सुविधाओं के लिए डिजिटल पेमेंट की सुविधा होगी। ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा का विस्तार करने के लिए अस्पताल प्रबंधन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला अस्पताल प्रभारी डॉ. प्रदीप बिष्ट ने बताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरे देश में डिजिटल इंडिया पर जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में कल से अस्पताल में डिजिटल पेमेंट सेवा शुरू हो जाएगी।

## विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में आयोजित 67वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ सम्मेलन में भाग लेने के बाद उत्तराखंड लौट आई हैं। देहरादून में पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि वे भारतीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ सम्मेलन में भाग लेने गई थीं। सिडनी दौरे के दौरान उन्होंने विभिन्न देशों के सांसदों के साथ संसदीय लोकतंत्र और शासन के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। श्रीमती भूषण ने कहा कि उन्होंने राजनीति में युवा महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर भी चर्चा की। लौटी

## ड्रग्स फ्री देवभूमि

ड्रग्स फ्री देवभूमि के तहत प्रदेश में नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। टिहरी पुलिस ने अवैध रूप से भारी मात्रा में चरस तस्करी करते हुए 05 शातिर अभियुक्तों को 03 किलो 300 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद चरस की कीमत करीब 07 लाख रुपये है। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में मादक पदार्थों और ड्रग्स पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाकर नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

## इगास–बग्वाल

प्रदेश में इगास– बग्वाल 12 नवंबर को मनाई जाएगी। इसको लेकर गांवों में अभी से तैयारियां शुरू हो गई है। उत्तराखंड संस्कृति साहित्य एवं कला परिषद की उपाध्यक्ष मधु भट्ट ने बताया कि इस पर्व पर ब्लॉक और पंचायत स्तर पर संस्कृति विभाग की ओर से कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## केदारनाथ उपचुनाव

केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव के लिए राजनीतिक दलों ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। भाजपा, कांग्रेस, यूकेडी और अन्य प्रत्याशियों का विधानसभा क्षेत्र के गांवों में जनसंपर्क अभियान जोरों पर हैं। इसके साथ ही राजनीतिक दलों की ओर से प्रवासी मतदाताओं को भी मतदान के लिए अपील की जा रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने लुधियाना में केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र के प्रवासी मतदाताओं से पार्टी के पक्ष में मतदान कर भाजपा को जीत दिलाने की अपील की।

## गंगा सस्टेनेबिलिटी रन

गंगा नदी के पर्यावरण संतुलन और स्वच्छता के लिए ऋषिकेश में गंगा स्थिरता दौड़ का आयोजन किया गया। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती और उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौड़ में देश–विदेश के धावकों ने हिस्सा लिया, जिसमें 72 वर्षीय धावक भी शामिल हुए। दौड़ में युवाओं के साथ ही वरिष्ठ नागरिकों सहित विभिन्न आयु वर्ग के धावकों ने हिस्सा लिया। मैराथन का उद्देश्य लोगों को गंगा नदी के संरक्षण की आवश्यकता के बारे में जागरूक करना है।

एकल प्रदेश स्तरीय खेलकूद

पिथौरागढ़ जिले के सुरेन्द्र सिंह वल्दिया स्पोर्ट्स स्टेडियम में दो दिवसीय एकल प्रदेश स्तरीय खेलकूद रैली का आयोजन किया जा रहा है। खेलकूद रैली का उद्घाटन करते हुए जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने कहा कि यह प्रतियोगिता सुदूरवर्ती गांवों के बच्चों को खेलों के प्रति सदैव प्रोत्साहित करेगी तथा उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेगी। प्रतियोगिता में चंपावत, चमोली, पिथौरागढ़, टिहरी, ऊधमसिंह नगर, अल्मोड़ा, बागेश्वर सहित अन्य जिलों के खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं।